UP Board Solutions for Class 7 Environment Chapter 12 ऊर्जा के स्रोत एवं सतत् विकास

अभ्यास

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए
(क) नव्यकरणीय एवं अनव्यकरणीय ऊर्जा के स्रोत क्या हैं ? उदाहरण देकर बताएँ।
उत्तर
ऊर्जा के वे स्रोत जिनकी आपूर्ति प्राकृतिक क्रियाकलापों द्वारा प्रकृति में निरंतर बनी रहती हैं तथा जो समाप्त नहीं होती है, नव्यकरणीय ऊर्जा स्रोत कहलाते हैं। जैसे-जल, पवन, सूर्य आदि।

ऊर्जा के जिन स्रोतों का उपयोग करने के पश्चात पुन: प्राप्त करना संभव नहीं होता, अनव्यकरण गीय ऊर्जा स्रोत कहलाते हैं। जैसे-कोयला, पेट्रोल, डीज़ल, मिट्टी का तेल, प्राकृतिक गैस आदि।

(ख) जैव गैस से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर
ग्रामीण क्षेत्रे में गोबर तथा कृषि अपशिष्ट सरलता से उपलब्ध होते हैं। कुछ समय पूर्व तक इन्हें सीधे जलाकर ऊर्जा प्राप्त की जाती थी। किन्तु इससे वायु प्रदूषण होता था और ऊर्जा की हानि भी। अतः अब इनके द्वारा उत्तम गैसीय ईंधन प्राप्त किया जाता है। इन्हें बायोगैस या जैव गैस कहते हैं।

(ग) इकोफ्रेन्डिली तकनीकी को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए?
उत्तर
पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की गई तकनीक को इकोफ्रेन्डिली तकनीक कहते हैं। जैसे-कारखानों की चिमनियों में धूम अवक्षेपक लगाना, ईंट-भट्ठे की चिमनियों को ऊँचा करन्स, बैटरी चालित वाहनों का प्रयोग करना, कारखानों के आस-पास पौधरोपण करना आदि।

(घ) ऊर्जा संरक्षण के उपाय लिखिए।
उत्तर
ऊर्जा संरक्षण के उपाय

- मोटरसाइकिल, स्कूटी या कार का प्रयोग तभी करें जब बहुत आवश्यक हो।
- जब आवश्यकता न हो तो पंखे, बल्ब व अन्य विद्युत उपकरणों के स्विच को बन्द कर दें।
- जहाँ तक सम्भव हो, थोड़ी दूर जाने के लिए पैदल चलें या साइकिल से जाएँ। ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए भी हितकर है।
- यदि सम्भव हो तो सोलर कुकर, सोलर लालटेन व सोलर पम्प आदि का प्रयोग करें।
- सामान्य बिजली के बल्बों के स्थान पर सी०एफ०एल० (Compact Fkuorescent Lamp) अथवा एल०ई०डी० (Light Emitting Diode) का उपयोग करने से अपेक्षाकृत अधिक प्रकाश मिलता है और ऊर्जा की बचत होती है।
- भोजन बनाने से पहले दाल, चावल आदि पदार्थों को कुछ समय तक भिगोकर रखना चाहिए एवं ढककर पकाना चाहिए।

प्रश्न 2.
सही विकल्प के सामने बने वृत्त को काला कीजिए।
(क) जलाने पर पर्यावरण को सबसे कम प्रदूषित करने वाला ईंधन है|
(क) कोयला ◯
(ख) एल०पी०जी० ●
(ग) मिट्टी का तेल ◯
(घ) लकड़ी ◯

(ख) वाहनों को चलाने के लिए न्यूनतम प्रदूषण वाला ईंधन है-
(क) डीजल ◯
(ख) पेट्रोल ◯
(ग) सी०एन०जी० ●
(घ) मिट्टी का तेल ◯

(ग) एल०पी०जी० में पाई जाने वाली मुख्य गैस है-
(क) ब्यूटेन ●
(ग) मीथेन ◯
(ग) हे.ईड्रोजन ◯
(घ) ऑक्सीजन ◯

(घ) निम्नलिखित में कौन-सा नव्यकरणीय ऊर्जा स्रोत है-
(क) पेट्रोलियम ◯
(ख) प्राकृतिक गैस ◯
(ग) कोयला ◯
(घ) पवन ●

प्रश्न 3.
निम्नलिखित में से ऊर्जा के नव्यकरणीय और अनव्यकरणीय स्रोतों को छाँटकर लिखिए-
सूर्य, डीजल, पेट्रोल, बायोगैस, लकड़ी, कोयला, पवन
उत्तर
नव्यकरणीय
सूर्य, पवन

अनव्यकरणीय
डीजल, पेट्रोल, बायोगैस,
लकड़ी, कोयला

प्रश्न 4.
रिक्त स्थानों की पूर्ति करिएउत्तर-
उत्तर
(क) सौर ऊर्जा का स्रोत **सूर्य** है।

https://www.evidyarthi.in/

(ख) सी०एन०जी० का प्रयोग **वाहन** में करते हैं।
(ग) एल०पी०जी० का प्रयोग **रसोई** पकाने में करते हैं।
(घ) कमरा छोड़ते समय बिजली, पंखा का स्विच **बंद** कर देना चाहिए।